भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3635
(10 दिसंबर, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए)

प्रधानमंत्री आवास योजना का दुरुपयोग

3635. श्री सुखबीर सिंह बादलः

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को पंजाब में प्रधानमंत्री आवास योजना निधि के दुरुपयोग के बारे में कोई शिकायत मिली है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) क्या सरकार ने इस संबंध में कोई कार्रवाई शुरू की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
ग्रामीण विकास मंत्री
(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) से (ग): पंजाब सहित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के अंतर्गत कार्यान्वयन में अनियमितताओं और निधियों के दुरूपयोग के संबंध में ग्रामीण विकास मंत्रालय को शिकायतें प्राप्त होती रहती हैं। चूंकि पीएमएवाई-जी का जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा किया जाता है, इसलिए इस मंत्रालय को प्राप्त हुई इन शिकायतों को, उनका समाधान करने और समाधान की सूचना इस मंत्रालय को देने के लिए संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों को भेज दिया जाता है। पंजाब राज्य सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार, “पीएमएवाई निधि के दुरूपयोग” शीर्ष वाली कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। पंजाब राज्य सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार प्राप्त हुई और राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को भेजी गई शिकायतों का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

अनुबंध

लोक सभा में दिनांक 10.12.2019 को प्रधानमंत्री आवास योजना का दुरुपयोग विषय पर उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 3635 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

दिनांक 01.04.2016 से 09.12.2019 तक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त हुई और संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को भेजी गई शिकायतों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार सूची

क्र.सं.	**राज्य का नाम**	**शिकायतों की संख्या**
1	आंध्र प्रदेश	2
2	असम	9
3	बिहार	143
4	छतीसगढ़	19
5	हरियाणा	8
6	जम्मू और कश्मीर	2
7	झारखंड	20
8	कर्नाटक	1
9	केरल	3
10	मध्य प्रदेश	57
11	महाराष्ट्र	32
12	मणिपुर	1
13	मेघालय	1
14	ओडिशा	39
15	पंजाब	13
16	राजस्थान	40
17	तमिलनाडु	9
18	तेलंगाना	2
19	त्रिपुरा	1
20	उत्तर प्रदेश	505
21	उत्तराखंड	7
22	पश्चिम बंगाल	54
कुल		**968**

****